**S-823** Roll No. …………………..

# MAHL–205

उत्तराखण्ड का लोक साहित्य

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

Second Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. लोकगाथाओं की परम्परा पर प्रकाश डालते हुए कुमाउनी लोकगाथाओं को उदाहरण सहित समझाइए।
2. 'लोक' शब्द की व्युत्पत्ति बताते हुए लोक साहित्य के स्वरूप और विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

3. लोकगीतों की विशेषताएँ बताते हुए गढ़वाली लोकगीतों के प्रकार समझाइए।
4. लोककथाओं की इतिहास परम्परा एवं स्वरूप पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. लोक साहित्य और शिष्ट साहित्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. उत्तराखण्ड के लोक साहित्य की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालिए।
3. किन्हीं दो कुमाउनी लोककथाओं के कथ्य पर उद्देश्य सहित प्रकाश डालिए।
4. 'न्यौली' से क्या तात्पर्य है ? इन गीतों के भावपक्षीय सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।
5. किन्हीं दो गाथाओं की काव्यगत विशेषताएँ बताइए।
6. कुमाउनी 'आ्ण' से आप क्या समझते हैं ? जनजीवन में इनका क्या महत्व है ?
7. लोकनाट्य किसे कहते हैं ? गढ़वाली लोकनाट्यों का परिचय दीजिए।
8. चाँचरी और छपेली को उदाहरण सहित समझाइए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. कार्तिक माह की अमावस्या को मनाए जाने वाले त्यौहार का नाम लिखिए।
2. उत्तराखण्ड में 'फुलदेई' या 'फुल सग्यान' का त्यौहार कब मनाया जाता है ?
3. उत्तराखण्ड की किसी एक प्रसिद्ध लोकदेवी का नाम लिखिए।
4. किन कुमाउनी गीतों में प्रश्नोत्तर शैली देखने को मिलती है ?
5. 'कुमाऊँक त्यार-बार' पुस्तक के रचनाकार का नाम लिखिए।
6. 'पंडवार्त' में किनकी पूजा की जाती है ?
7. क्या पंडवार्त नृत्यमय पूजा अनुष्ठान है ? (हाँ / नहीं)
8. वीरगाथाओं को गढ़वाली लोक साहित्य में किस नाम से जाना जाता है ?
9. वीरगाथाओं को कुमाउँनी में किस नाम से जाना जाता है ?
10. डॉ. गोविन्द चातक ने 'औखाणा' शब्द की व्युत्पत्ति किस शब्द से मानी है ?